>

Title: Need to make permanent the services of teachers working in Kasturba Gandhi Residential Schools and also enhance their honorarium.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): देश के विभिन्न राज्यों में पिछले लगभग एक दशक से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन आवासीय विद्यालयों में संविदा के आधार पर प्रशिक्षित, कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। ये लोग पिछले लगभग पांच वर्षों से अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, परंतु न तो इन्हें नियमित किया गया है तथा न ही पिछले पांच वर्षों में महंगाई में बेतहाशा वृद्धि होने के बावजूद इनका मानदेय बढ़ाया गया है जिस कारण ये लोग जीवनयापन के संकट से जूझ रहे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के इन प्रशिक्षित कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने तथा इन्हें नियमित करने का कष्ट करें।